हर खिलाड़ी को मिले 51-51 हजार रुपये

एनबीटी न्यूज, नोएडा : बेंगलुरु स्थित चिन्नास्वामी स्टेडियम में 17 दिसंबर को टी-20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड में भारत ने जीत हासिल की थी। जीत की खुशी में सेक्टर-4 स्थित एक निजी कंपनी ने 17 भारतीय ब्लाइंड क्रिकेटरों, कोच और फिजियो में से प्रत्येक को 51 हजार रुपये की चेक देकर सम्मानित किया। कंपनी ने सीएसआर फंड के तहत 50 लाख रुपये दान किए। सेक्टर 4 स्थित एक निजी कंपनी के सीएमडी अशोक चतुर्वेदी ने बुधवार को ब्लाइंड क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर फंड के तहत 50 लाख रुपये का दान दिया। बेंगलुरु में 17 दिसंबर को भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने लगातार तीसरी बार टी 20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड में जीत हासिल की थी।